Administrative Training Institute
Government of West Bengal

Half yearly Departmental Examination for WBCS(Exe) Officers,

MAY – 2012

Hindi Dictation

Marks: 20
Dictation: 15 minutes
Revision: 15 minutes

परिवर्तन प्रकृति का नियम है। मानव मन भी परिवर्तन चाहता है। जब मनुष्य एक स्थान पर रहता-रहता ऊब जाता है तब उसकी इच्छा भ्रमण करने की होती है। भ्रमण का जीवन में बहुत महत्व है। भ्रमण से सम्पर्क बढ़ता है जिससे मैत्री उत्पन्न होती है। यह ज्ञान-वृद्धि, मनोरंजन, स्वास्थ्य, व्यापार एवं विश्वबंधुत्व की दृष्टि से बहुत उपयोगी है। किन्तु इसके लिए अपेक्षित समय, धन और साहस की आवश्यकता होती है जो बहुत कम लोगों के पास है। पहले पर्यटन के सुगम साधन उपलब्ध नहीं थे। परन्तु विज्ञान की उन्नति से देशाटन के विभिन्न साधनों का विकास हो गया है। आज यातायात के अनेक आधुनिक साधन रेल, मोटर, वायुयान आदि उपलब्ध हो गये हैं। यदि हम ईश्वर की अनुपम सृष्टि का निरीक्षण किये बिना इस संसार से विदा हो गये तो मन पछताता ही रह जायेगा।